नए पीवीसी प्लांट की स्थापना

कोलकाता, 23 दिसंबर (जनसत्ता)। ईस्टर्न इंडिया में पीवीसी पाइप के कारोबार की अग्रणी कंपनी स्कीपर लिमिटेड ने असम की राजधानी गुवाहाटी के कामरूप इलाके में अपने नए पीवीसी प्लांट की स्थापना की है। इस अत्याधुनिक इकाई में चार हजार एमटीपीए प्लमबिंग एंड एग्री पाइप की निर्माण क्षमता है। इस बारे में स्कीपर लिमिटेड के डायरेक्टर देवेश बंसल का कहना है कि उनकी कंपनी हमेशा से नए इनोवेशन में विश्वास करती आई है। इसी के तहत कंपनी ने अपना विस्तार करते हुए गुवाहाटी एअरपोर्ट के पास नया पीवीसी प्लांट खोला है। उन्होंने बताया कि नार्थ ईस्ट पीवीसी के बिजिनेस के लिए एक बेहतरीन जगह है। इस प्लांट के जरिए नार्थ ईस्ट का विकास भी तेजी से होगा। यह जानकारी एक प्रेस बयान में दी गई है। उन्होंने कहा कि इस बेहद अत्याधुनिक प्लांट में क्वालिटी पीवीसी का निर्माण होगा।